विद्या सर्वार्थ साधिका

आनंदालय

सामयिक परीक्षा-3

कक्षा: सातवीं

विषय : हिंदी	अधिकतम अंक : 30
दिनांक : 03-01-2023	निर्धारित समय : 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ' और 'ब',
2. खंड 'अ' में कुल दो वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए हैं | सभी प्रश्नों में उप प्रश्न दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
3. खंड 'ब' में कुल 3 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
4. बहुविकल्पीय उप प्रश्न संख्या के साथ लिखित उत्तर भी लिखना अनिवार्य है ।
6. प्रश्न पत्र में 3 पृष्ठ हैं |

<u>खंड- 'अ'</u> (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

1. नीचे दिए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1x5=5)

कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फल ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

(i) जीवन में समय का महत्त्व क्यों है ?

(क) समय काम के लिए प्रेरणा देता है।
(ख) समय की परवाह लोग नहीं करते।
(ग) समय पर किया गया काम सफल होता है।
(घ) समय बड़ा ही बलवान है।

(ii) खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है ?

(क) खेत में पौधे नहीं उगते।
(ख) समय पर खेत की रखवाली नहीं करता।
(ग) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है।
(घ) खेत पर मौजूद नहीं रहता।

(iii) 'कृषक' का हिंदी भाषा में शाब्दिक अर्थ होगा -

(क) खेडूत (ख) किसान (ग) चरवाहा (घ) हलवाई

(iv) बादल का बरसना व्यर्थ है, यदि -

(क) गरमी शांत न हो (ख) फ़सल को लाभ न पहुँचे

(ग) किसान प्रसन्न न हो (घ) नदी-तालाब न भर जाएँ

(v) गद्यांश का मुख्य भाव क्या है?

(क) बादल का बरसना (ख) चिड़ियों द्वारा खेत का चुगना

(ग) किसान का पछतावा करना (घ) समय का सदुपयोग

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x10=10)

(i) 'उसे <u>क्रोध</u> आ गया |' रेखांकित शब्द संज्ञा का भेद है-

(क) जातिवाचक (ख) व्यक्तिवाचक

(ग) भाववाचक (घ) कोई भी नहीं

(ii) सर्वनाम के भेद हैं -

(क) तीन (ख) चार ` (ग) पाँच (घ) छह

(iii) 'मुझे तीन मीटर कपड़ा चाहिए |' वाक्य में विशेषण का भेद है -

(क) गुणवाचक (ख) संख्यावाचक

(ग) परिमाणवाचक (घ) सार्वनामिक

(iv) 'शेर <u>धीरे-धीरे</u> आगे बढ़ता है।' वाक्य में रेखांकित शब्द क्रिया-विशेषण का भेद है -

(क) रीतिवाचक क्रिया विशेषण (ख) स्थानवाचक क्रिया विशेषण

(ग) कालवाचक क्रिया विशेषण (घ) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण

(v) 'उदाहरण : ' उदाहरण शब्द के ठीक आगे लगे विराम चिह्न का नाम है -

(क) पूर्ण विराम (ख) अर्ध विराम

(ग) अल्प विराम (घ) उप विराम

(vi) 'राम ने रावण का वध किया ' वाक्य में विराम चिह्न लगेगा -

(क) पूर्ण विराम (ख) अर्ध विराम (ग) अल्प विराम (घ) उप विराम

(vii) 'चतुर्भुज' पद में समास का भेद है -

(क) द्वंद्व (ख) द्विगु (ग) कर्मधारय (घ) तत्पुरुष

(viii) 'अन्न-जल' में समास का भेद है -

(क) तत्पुरुष (ख) द्विगु (ग) कर्मधारय (घ) द्वंद्व

(ix) 'वधू + उर्जा' कौन-सी संधि है ?

(क) वृद्धि (ख) गुण (ग) दीर्घ (घ) यण

(x) 'नरेंद्र' का संधि-विच्छेद है -

(क) नरेन् + इंद्र (ख) नर + इंद्र (ग) नर + इद्र (घ) नरे + इंद्र

खंड- 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(i) विदेशी महिलाएँ नीलकंठ को परफैक्ट जेंटिल मैन क्यों कहती थीं ?

(ii) अनुमान लगाइए, स्वाधीनता की योजना बनाने के लिए सोनपुर के मेले को ही क्यों चुना गया होगा ?

(iii) हमें वृक्ष और सरोवर से क्या शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए ?

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में लिखिए- (4x1=4)

मीरा ने सावन का वर्णन किस प्रकार किया है ? सोदाहरण उत्तर दीजिए |

5. वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छोटी बहन को 80 से 100 शब्दों में बधाई देते हुए पत्र लिखिए। (5x1=5)

अथवा

पुस्तक खरीदने के लिए 1000/- रुपये भेजने का अनुरोध करते हुए अपने पिता जी को 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिए।